# कलक्टर ने रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन के साथ-साथ समस्त अधिकारी विभागीय योजनाओं के आवंटित लक्ष्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें।

बैठक में उन्होंने रोजगार उत्सव, राइजिंग राजस्थान, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्रगति, शहर की साफ सफाई, निराश्रित पशुओं के समाधान, बिजली, पेयजल, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संपर्क पोर्टल व विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में 17 सितंबर को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर सीएमएचओ और रोजगार विभाग के उपनिदेशक को निर्देशित किया। साथ ही जिलें में विभिन्न विभागों के कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास व उद्घाटन के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर मेहता ने शहर में निराश्रित पशुओं को गौशालाओं तथा नंदीशालाओं में भेजने को लेकर नगर परिषद एक्सईएन सूर्यप्रकाश संचेती को निर्देश दिए। इसके साथ ही पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को इसके लिए गौशालाओं और नंदीशालाओं को पाबंद करने को लेकर निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बारिश से खराब हुई सड़को की मरम्मत के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी से जिले में बांधो की ओवरफ्लो की स्थिति की जानकारी ली।



**जिला कलक्टर ने अधिकारियों की विभागीय कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।**

**'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की दी जानकारी :-** बैठक में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र महाप्रबंधक के. के. मीना ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 9 से 11 दिसंबर के बीच राजस्थान राइजिंग कार्यक्रम का आयोजन राजधानी जयपुर में किया जाएगा। जिसमें राज्य में देश-विदेशों के निवेशकों से एमओयू किया जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में राइजिंग राजस्थान के जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत भीलवाड़ा जिलें में भी राइजिंग भीलवाड़ा 2024 का 9 नवंबर को किया जाना प्रस्तावित है। इसमें भी निवेशकों द्वारा एमओयू किया जायेगा। इन इकाइयों के प्राथमिकता आधार पर हैण्डहोल्डिंग कर नियमानुसार सरकार की योजनाओं में लाभान्वित कराया जाएगा। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उर्जा, पर्यटन, पर्यावरण, श्रम, कौशल, यूडीएच, राजस्व, कृषि, खान विभागों में आने वाले नए निवेशको के साथ संबंधित विभाग एमओयू करें तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

औद्योगिक संगठनों/उघमियो के साथ बैठक आयोजित किये जाने के निर्णय प्रदान किये। जिला कलक्टर ने मानसून सीजन को दृष्टिगत रखते हुए मलेरिया, डेंगू, स्वाईन फ्लू, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया जैसी वैक्टर जनित बीमारियों का ट्रांसमिशन सीजन होने से इन बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम हेतु जिले में व्यापक स्तर पर एन्टीलार्वल गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को मौसम को ध्यान में रखते हुए फॉगिंग करवाने, लोगों को मौसमी बीमारियों बचाव के लिए जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करवाने के निर्देश दिए।

## कमेटी का गठन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजमाता विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में फीस्ट के दौरान स्टूडेंट्स द्वारा शराब पार्टी करने का मामला सामने के बाद प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज ने मामले में पांच सदस्य जांच कमेटी का गठन किया है। वही कॉलेज की एक छात्रा के अत्यधिक मात्रा में दवा का सेवन करने के बाद बिगड़ी हालत के मामले में भी प्रिंसिपल ने स्पष्टीकरण जारी किया है।

मेडिकल कॉलेज में 7 सितंबर से 14 सितंबर तक पिनाका 5.0 फीस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस फीस्ट के विभिन्न कार्यक्रमो के साथ ही डांस प्रोग्राम के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है इस दौरान शराब पार्टी और अन्य नशीली वस्तुओ का सेवन करने की खबर सामने आने के बाद कॉलेज के हड़कंप मच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ वर्षा सिंह ने मामले में संज्ञान लेते हुए तत्काल पांच सदस्य कमेटी का गठन किया है नशीली दवा के सेवन की खबर सामने आने के मामले में भी प्रिंसिपल ने अपना स्पष्टीकरण जारी करते हुए बताया की छात्रा आशु चौधरी ने अपने निजी कारणों के चलते सिर दर्द की दावा का सेवन अत्यधिक मात्रा में कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ी थी। उसे एमजी हॉस्पिटल में भर्ती कर उपचार किया गया, जिसके बाद अब उसकी हालत के सुधार है और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# राज्य किसान आयोग अध्यक्ष का भाजपा ने किया स्वागत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सी आर चौधरी का आज अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवम महापौर राकेश पाठक की उपस्थिति में भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया।

**■ भाजपा के सदस्यता अभियान को मिल रहा सर्वव्यापी समर्थन, प्रदेश में अब तक बने 10 लाख से ज्यादा सदस्य : सी आर चौधरी**

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि आयोग अध्यक्ष चौधरी ने इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के सदस्यता अभियान को अंतिम छोर तक बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचाने और जिले से रिकॉर्ड सदस्य बनाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देशभर में दस करोड़ से ज्यादा एवं प्रदेश में सवा करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। राजस्थान में अभी तक दस लाख से ज्यादा सदस्य बनाए जा चुके हैं। इस सर्वस्पर्शी अभियान को सर्वव्यापी समर्थन मिल रहा है। इसी के तहत अब 11 से 17 सितंबर तक महासम्पर्क अभियान चलाकर बड़े स्तर पर नए सदस्य बनाए जाएंगे, इसी की तैयारियों के तहत आज भीलवाड़ा जिला संगठन की बैठक भी आयोजित हुई है। उन्होंने राज्य सरकार के 9 महीनों के कार्यकाल की बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार अपने संकल्पों को पूर्ण करते हुए आगे बढ़ रही है। बजट घोषणाओं के क्रियान्वन का कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है। किसानों के हित की भी अनेक योजनाओं पर सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश सहित मेवाड़ क्षेत्र में अच्छी बारिश हो रही है, अंडरग्राउंड वाटर भी रिचार्ज हो रहा है, यह अच्छी बात है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, जिला मंत्री गोपाल तेली, प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकरलाल जाट, पूरण डीडवानिया, कुलदीप शर्मा, मीनाक्षी नाथ, इंदु बंसल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्रह्मा जी की प्रथम धर्म पत्नी सावित्री का मेला आज

**पुष्कर, (निसं)।** इस अंतरराष्ट्रीय मेले के लिए मंदिर प्रशासनकी ओर से तैयारी की गई। साथ ही स्थानीय प्रशासन की ओर से भी मेले में पुलिस की व्यवस्था की गई माता सावित्री कीपूजा करने के लिए हजारों कीतादाद में महिलाएं युवतियां पुष्कर पहुंची माता सावित्री कीपूजा अर्चना कर अपने परिवार और सुहाग की सलामती की मनोकामना मांगी। मंदिरके पुजारी कैलाश मिश्र ने बताया की मंदिर में व्यवस्थाओं के लिए एवं यात्रियों की आवक को देखतेहुए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन को एक पत्रभी दे दिया गया। जिसके चलते व्यवस्था की गई यह मेला भादवा माह की अष्टमी के दिन भरता है एवं सप्तमी के दिन जागरणका आयोजन किया जाता है। माता जी का विशेष श्रृंगार किया गया है। आज भी माता जी का विशेष श्रृंगार किया जाएग।

# दुष्कर्म कर हत्या का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार

**मकराना, (निसं)।** राजेन्द्र कुमार मीणा (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक जिला डीडवाना-कुचामन के निर्देशन में व वैभव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, परबतसर तथा भवानी सिंह, वृताधिकारी वृत मकराना के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना मकराना राजेश कुमार पु0नि0 के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बलात्कार व हत्या के प्रयास के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धारूराम को रामदेवरा जिला जैसलमेर से दस्तयाब कर बाद अनुसंधान के गिरफ्तार किया गया।

**■ आरोपी धारूराम को रामदेवरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया**

घटना 1 सितंबर थाना ईलाका क्षेत्र की एक महिला ने एस.एम.एस. हॉस्पिटल, जयपुर में पर्चा बयान दिया कि 31अगसत कि रात्रि करीब 1.00 से 1.30 बजे प्रार्थिया को धारुराम पुत्र भवरलाल, जाति मेघवाल, निवासी भीचावा ने फोन किया और उसको अपने घर से बाहर बुलाया। अपनी मोटर साईकिल पर बैठाकर अपने खेत में लेकर गया जहां पर मेरे साथ धारूराम ने गलत काम (बलात्कार) किया तथा मेरे साथ गम्भीर मारपीट कर, मुझे जान से मारने का प्रयास किया। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर प्रकरण 317/2024 भादस कि धारा 115 (2), 140(3), 109, 64(1) बीएनएस दर्ज कर तफतीस शुरू की गयी। पुलिस ने टीम का गठन कर बेहतर टीम वर्क, फील्ड इन्टलिजेंस से आरोपी को सरहद रामदेवरा जिला जैसलमेर से दस्तयाब कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया।

## शिक्षा जागरूकता पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित

**मसूदा, (निसं)।** प्रखर राजस्थान (रीड टू लीड) अभियान के तहत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अजमेर एवं दिशा समाजसेवी संस्था अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सीईओ अभिषेक खन्ना (आईएएस) एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार जोशी ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गांधी भवन तोपदड़ा मे जिला स्तरीय कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर बताया कि प्रखर राजस्थान कार्यक्रम सशक्त और शिक्षित राजस्थान के लिए प्रारंभिक शिक्षा स्तर के विद्यार्थियों में पढ़ने के प्रति रुचि और पठन कौशल में बच्चों की रुचि बढ़ाएगा। इस अवसर पर दिशा समाज सेवी स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि आनंद फेलिक्स द्वारा बताया गया की शैक्षणिक गुणवता हेतु मसूदा ब्लॉक में नॉलेज हट परियोजना के अन्तर्गत उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी आकर्षक मोबाईल वैन पुस्तकालय द्वारा समझायी गई जिसका शुभारंभ हरी झंडी दिखा कर जिला परिषद सीईओ अभिषेक खन्ना एवम मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार जोशी, सहायक परियोजना समन्वयक नवीन सागर सोनी एवम दीपक सावरिया द्वारा किया गया।

मंगलवार 10 सितंबर को प्रखर राजस्थान कार्यक्रम के तहत नॉलेज हट परियोजना के अंतर्गत मसूदा ब्लॉक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवकुमार दुबे एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आदित्य प्रकाश पांडे द्वारा विश्व साक्षरता दिवस उपलक्ष्य पर शिक्षा जागरूकता हेतु पोस्टर विमोचन किया गया। परियोजना ब्लॉक सुपरवाइजर द्वारा बताया गया कि चयनित 25 विद्यालयों में पुस्तक प्रदर्शनी लगाकर बच्चों एवम ग्रामीणों को पढ़ने के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा के साथ मनाया शिक्षक दिवस

**अजमेर, (निसं)।** लायन्स क्लब अजमेर में मंगलवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा के साथ शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्लब के शिक्षकों एवं बाहर से आमंत्रित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ अध्यक्ष भागू ईसरानी के स्वागत उद्बोदन से किया गया। ध्वज वन्दना लायनेड सन्तोष कौर द्वारा पढ़ी गयी। सचिव लायन सतीश भटनागर ने अपना सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉमधुर मोहन रंगा जी (पूर्व प्रधानाचार्य जी.सी.ए.) ने अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस के महत्व को बहुत ही सुंदर ढंग से उल्लेखित किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा की महत्वपूर्ण अधिकारिक यात्रा रही।

उन्होंने क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए डायबिटीज चाइल्ड कैंसर तथा क्वेस्ट कार्यक्रम पर कार्य करने हेतु बल दिया। शिक्षक दिवस पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी शिक्षकों के सम्मान का उद्बोधन किया और वही स्वयं की तुलना अभी भी एक शिष्य से ही की क्योंकि उन्होंने यही बताया कि व्यक्ति जीवन पर्यन्त कुछ ना कुछ सीखता ही रहता है। मीनू मनोविकास विद्यालय चाचियावास की अध्यापिका मंजुला कँवर ने बताया कि वे किस तरह दिव्यांग बच्चों का हौसला अफजाई करती हैं उन्हे कॉम्पिटेशन में लेकर जाती हैं और फिर बच्चे अवार्ड जीतकर भी आते हैं। उनके इस कार्य को सभी ने सराहा। कार्यक्रम में गवर्नमेंट कालेज के प्राचार्य मनोज बहरवाल, सुप्रभात कबिराज, सन्त कुमार सिंह, अर्चना मिश्रा उपस्थित रहें। कार्यक्रम संयोजिका लायन सुषमा शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सुंदर ढंग से किया।



**लायन्स क्लब के शिक्षकों एवं बाहर से आमंत्रित शिक्षकों को सम्मानित किया गया।**

सभी शिक्षकों को क्रमवार मंच पर आमंत्रित कर माला, शाल, उपहार देकर सम्मानित किया गया। लायन नीताभटनागर ने लायन सदस्यों के जन्मदिन एवं शादी की वर्षगांठ पर शुभकामनायें प्रेषित की। सभी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। लायन राम प्रकाश शर्मा ने सभी अतिथियों का एवं लायन सदस्यों का धन्यवाद किया।

## 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती-2024 एवं सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 के संबंध में शुद्धि-पत्र जारी कर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम दिनांक 15 सितंबर 2024 रात्रि 12 बजे तक कर दी गई है। विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेगी। संबंधित शुद्धि-पत्र संख्या 10/2024-25 तथा शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि 5 अगस्त 2024 को राजस्थान राज्य अभियांत्रिकी सेवाओं के अन्तर्गत सहायक अभियंता के कुल 1014 पद तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हेतु सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था। ऑनलाइन आवेदन अवधि 12 अगस्त से 10 सितंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक एवं सहायक अभियंता के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन अवधि 14 अगस्त से 12 सितंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई थी। तकनीकी कारणों से उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन की अवधि को बढ़ाया गया है। निर्धारित अवधि के बाद ऑनलाइन आवेदन का लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# देवनारायण मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, दर्शन के लिए दिनभर लगी लम्बी कतारें

## मेलार्थियों ने उठाया झूले-चकरी व चाट मसाला का लुत्फ

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवमाली में मंगलवार को भगवान देवनारायण के अश्व लिलाधर घोड़े का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।खीर चूरमे का भोग लगाया गया। मंगलवार को भगवान देवनारायण के देवमाली धाम पर मेला भरा मेले में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही।

भक्तों ने दर्शन कर प्रसाद चढ़कर सुख समृद्धि की कामना की मेलार्थियों ने झूले चकरी चाट पकौड़ी का लुत्फ उग्रया। इससे पूर्व देवनारायण मंदिर प्रांगण में सोमवार रात विशाल भजन संध्या का कियाआयोजन।विशाल भजन संध्या में राजू रावल, लक्ष्मण गुर्जर श्रवण राहेटी, प्रकाश डांगी व छोटा राजू रावल के द्वारा दी गई भजनों की शानदार प्रस्तुति प्रसिद्ध नृत्यांगना रोहिणी नायक शालू नागोरी व पूजा नाथ के द्वारा दी गई नृत्य प्रस्तुति।

**देवमाली मेले इनकी रही मौजूदगी:-** मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत व ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी एवं देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना ने देव देवनारायण भगवान के दरबार में हाजरी लगाई ।



**केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी एवं देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश ने देव देवनारायण भगवान के दरबार में हाजरी लगाई।**

मसूदा क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल भगवान देवनारायण के देव धाम देवमाली में आयोजित दो दिवसीय मेले के दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत एवं देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रकाश भडाना ने भगवान देवनारायण के दरबार में हाजिरी लगाई। देवधाम देवमाली पहुंचने पर भगवान देवनारायण कमेटी सदस्यों ने मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना का माल्यार्पण व साफा बंधाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि पीरु गुर्जर एवं मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

**भोग लगाकर मांगी मन्नत:-** श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के खीर चूरमा और नारियल का भोग लगाकर दर्शन कर मन्नत मांगी। मेले में आए महिला पुरुष एवं बच्चों ने झूले वचकरियों का आनंद लिया।

**देवमाली सरपंच व प्रतिनिधि द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका:-** ग्राम पंचायत देवमाली के सरपंच पूजा गुर्जर व प्रतिनिधि पीरू गुर्जर के द्वारा सभी पत्रकारों को भोजन प्रसादी के लिए आमंत्रित किया जाना अपने आप में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बात कही जा सकती है। सरपँच प्रतिनिधि द्वारा मेले के जागरण व मेला आयोजन की व्यवस्था एवं जिम्मेदारी के साथ जब पत्रकारों को भोजन प्रसादी के लिए आमन्त्रित किया तो फिर उन्हें समय भी देना पड़ेगा। यहाँ पर इस मामले का अत्यंत महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि देवनारायण के चरणों में बैठकर प्रसाद पाने वालों को भी अपने आप में भाग्यशाली लोगों में शामिल समझना चाहिए।

## उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ केकड़ी जिला यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन वहीं केकड़ी जिला बचाओ अभियान के अंतर्गत मंगलवार को संयोजक रामावतार सिखवाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता रणजीत सिंह केशावत के नेतृत्व मे उपखंड अधिकारी सरवाड गुरु प्रसाद तंवर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर केकड़ी जिला को यथावत बनाये रखने की मांग की ज्ञापन मे बताया कि केकड़ी जिला बनने से क्षेत्र के लोगो को प्रशासनिक लाभ भी मिलने लगा है योजनाओ से लोगो का जुड़ाव भी बढने लगा है।

जिला स्तर के अधिकांश कार्यालयो की केकड़ी मे शुरुआत हो चुकी है केकड़ी जिला सभी मापदंड पर खरा उतर रहा है अजमेर से केकड़ी की दूरी अधिक है भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर द्वारा केकड़ी जिला हटाने की बात पर लोगो मे जबरदस्त जनाक्रोश है केकड़ी जिले को यथावत रखकर सभी अटकलो पर लगाम लगाने की मांग की गई मांग नही मांगने पर सरकार को जन आंदोलन का सामना करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस मौके पर ज्ञापन देने मे सरवाड उपखंड के विभिन्न गांवो से एवं स्थानीय लोगो ने भाग लिया

## सार-समाचार

### धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ शहर में विराट गणपति महोत्सव एवं विसर्जन को लेकर आगामी 9 दिनो तक धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी वहीं हिन्दू उत्सव समिति के बेनर तले आयोजित होने वाले इस विराट महोत्सव एवं विसर्जन पर प्रतिदिन पथवारी माता स्थल पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इस मौके पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भागचन्द चापा व मंत्री अजय पारीक के अनुसार आज भजन संध्या में भजन गायक प्रकाश माली भजनों की प्रस्तुति देंगे व 12 सितंबर को तेजा मेला चौक में श्रवण सेंदरी की ओर से कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी 15 सितंबर को गांधी चौक में विराट कवि सम्मेलन, 16 सितंबर को पथवारी परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 17 सितंबर को विशाल विसर्जन जुलूस व शोभायात्रा निकाली जाएगी। जुलूस गोपाल बावड़ी पहुंचने पर महाआरती की जाएगी। इसके बाद गणेश मूर्ति का विसर्जन होगा। वहीं महोत्सव में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड सरवाड़, बजरंग दल प्रखंड सरवाड, गणपति मित्र मण्डल श्याम मित्र मण्डल, बालाजी मित्र मण्डल, शीतला माता मंदिर समिति पथवारी माता मंदिर समिति, रामायण मण्डल, सरवाड श्रीराम अखाड़ा, सरवाड हनुमान अखाड़ा सरवाड, श्री मातेश्वरी मित्र मंड़ल, श्री भैरव मित्र मंड़ल, सर्व पुजारी संघ व विप्र सेना साहित अन्य सहयोग कर रहे हैं।

### पंचो ने परिवार का हुक्का-पानी बंद किया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के अलवर गेट थाना इलाके में पंचों के द्वारा परिवार को समाज से बहिष्कृत करने और उनका हुक्का-पानी बंद करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजमेर के नेहरू नगर के रहने वाले पप्पूनाथ ने अलवर गेट पुलिस थाने में शिकायत देकर बताया कि 23 मई 2023 को साधुनाथ ने मेरी दुकान पर आकर मेरे साथ झगड़ा और मारपीट की। इस मामले को लेकर मैने पुलिस में शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की, बल्कि मुझे और मेरे दोस्तों को ही पुलिस से मिलीभगत करके 151 में बंद करवा दिया। इसके बाद 18 अगस्त 2024 को साधुनाथ ने सामाजिक पंचों के साथ मिलीभगत की। इसके बाद महावीरनाथ, गोरूनाथ, सांवरानाथ, कालूनाथ, भोपनाथ, ताराचंद और मोहननाथ ने मिलकर पप्पूनाथ और उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया और आर्थिक रूप से 22 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और समाज में हुक्का-पानी बंद करवा दिया। साथ ही परिवार पर दबाव डाला कि 22 हजार रुपए नहीं देने पर जुर्माना डबल देना होगा, जिसमें से 10 हजार रुपए तो पप्पूनाथ ने दे भी दिए। अब दबाव बना रहे हैं कि 22 हजार रुपए और पंचों का खर्च नहीं दोगे तो जो लोग तुमसे बात करते हैं उनका भी का पानी बंद कर देंगे। फिलहाल अलवर गेट पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### साक्षात्कार दिनांक जारी की

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत एप्लाइड आर्ट विषय के 5 पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 19 एवं 20 सितंबर 2024 को तथा लॉ विषय के 25 पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 24 से 27 सितंबर 2024 तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

### रिक्त सीटों पर आवेदन आमंत्रित

**भीलवाडा, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1988 से छात्राओं एवं महिलाओं को रोजगारपरक व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से भीलवाडा मुख्यालय पर संचालित राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नवीन सत्र 2024-2025 हेतु शेष रही रिक्त सीटों पर ई-मित्र के माध्यम से प्रवेश आवेदन पत्र भरे जा रहे है संस्थान अधीक्षक श्रीमति आशा दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2024-2025 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु सैकण्डरी, आठवीं उत्तीर्ण इच्छुक छात्राएं एवं महिलाएं एनसीवीटी योजनान्तर्गत कोस्मेटोलाजी, कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग अस्सिटेन्ट, फैंशन डिजाईन एण्ड टेक्नोलोजी, मैकेनिक इलेक्ट्रोनिक्स, स्टेनोग्राफर एण्ड सेकेटियल असिस्टेन्ट (हिन्दी) व स्विइंग टेक्नोलोजी व्यवसायों में प्रवेश ले सकती है। प्रवेश आवेदन भरने की अंतिम तिथि 26 सितंबर तक भरकर संस्थान में 27 सितंबर को सांय 5.00 बजे तक वांछित दस्तावेजों सहित कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कराने होगें। संस्थान में 30 सितंबर को प्रात: 11 बजे से मेरिट के आधार पर सीधे प्रवेश किये जायेगे।

### रैली निकाली

**नागौर, (निसं)।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमावत के निर्देशानुसार जन जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई.जिला मुख्यालय पर विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर मंगलवार को उपलक्ष्य में जिला स्तरीय रैली निकाली गई। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के छात्र एवं छात्रा प्रशिक्षणर्थियों की और से निकाली गई इस रैली को मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राधेश्याम रोझ ने हरी झंडी दिखाई। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राधेश्याम रोझ ने बताया कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा की आमजन में जोखिम कारकों को पहचानने और आत्महत्या से संबंधित मिथकों व तथ्यों के प्रति जागरूकता अति आवश्यक है। इसके लिए सहयोगात्मक और सकारात्मक वातावरण बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन हालात में टेलीमानस हेल्पलाइन 14416 या 1800 89 14416 पर सहायता ली जा सकती है। यहां पर विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध करवाएंगे।

### मोक्ष रथ लायस क्लब को समर्पित

**बिजयनगर, (निसं)।** स्वर्गीय सत्यनारायण अरोड़ा व स्व अजय अरोड़ा की पुण्य स्मृति में अरोड़ा परिवार ने वात्सल्य स्कूल बिजयनगर के सौजन्य से मानव सेवार्थ मोक्ष रथ (शव यात्रा वाहन) लायंस क्लब बिजयनगर को समर्पित किया । इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अनिता इंद्रजीत मेवाड़ा, लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ अमित उपाध्याय, पालिक उपाध्यक्ष प्रीतम बड़ोला, पार्षद खेमराज गुर्जर , पार्षद मनोहर कोगटा, सुधीर गोयल विश्वनाथ पाराशर राधे गोपाल खंडेलवाल नवीन कुमार सोनी राजेश गट्टानी चिरंजीलाल नवाल अनिल आचार्य डॉक्टर ऐ के विश्वास बुद्धि प्रकाश पारीक इंदर साधनानी बाड़ी माता मन्दिर के पूजारी लाभचंद प्रजापत अरोड़ा परिवार के कृष्णा अरोड़ा, योगिता, स्वाति विजय अरोड़ा सहित लायंस क्लब बिजयनगर के सदस्य पदाधिकारी एव नागरिक मौजूद रहे।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**मसूदा, (निसं)।** कृषि कार्य करते समय सर्प के काट लेने से युवक की मौत हो गई। ग्राम भवानी खेड़ा (धोलादाता) निवासी हनुमान ने बताया कि सोमवार को रात्रि 10 बजे के करीब मेरा छोटा भाई जो काका का लड़का सुलेमान पुत्र अमीन काठात भवानी खेड़ा मसूदा में हमारे खेतों की रखवाली करके खेतों से वापस घर लौट रहा था। तभी अचानक जहरीले सर्प के काटने से उसकी तबीयत बिगड़ने से उसे मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण ब्यावर अमृत को चिकित्सालय के लिए रेफर किया और ब्यावर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता

**ब्यावर, (निसं)।** आयु वर्ग अंडर 14 छात्र छात्रा प्रतियोगिता सेंट पॉल सीनियर स्कूल में हुई। टीम निर्णायक शबाना मंसूरी के अनुसार इस प्रतियोगिता में 17 विद्यालयों के छात्र वर्ग में 17 टीम जिसमें 72 बालक तथा छात्रा वर्ग में 7 टीम जिसमें 31 बालिका कुल 103 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फादर जी फ्रांसिस के सानिध्य में अंडर 14 के ऑब्जर्वर गुरु शरण गोयल उपप्रधानाचार्य , प्राथमिक विद्यालय क्रीड़ा संयोजक प्रमोद रॉय शर्मा तथा स्थानीय वरिष्ठ शा.शिक्षक सुमित सर ने सभी व्यवस्थाओं को देखा।

### मंत्री रावत का किया भव्य स्वागत

**मेडता सिटी, (निसं)।** जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत का मेड़तारोड रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागत किया गया। विधायक लक्ष्मण राम कलरु के नेतृत्व में भाजपाइयों ने किया स्वागत मंत्री रावत का अभिनंदन।जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत खीवसर विधानसभा के दौरे पर थे।

# कलक्टर ने रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन के साथ-साथ समस्त अधिकारी विभागीय योजनाओं के आवंटित लक्ष्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें।



**जिला कलक्टर ने अधिकारियों की विभागीय कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।**

बैठक में उन्होंने रोजगार उत्सव, राइजिंग राजस्थान, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्रगति, शहर की साफ सफाई, निराश्रित पशुओं के समाधान, बिजली, पेयजल, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संपर्क पोर्टल व विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में 17 सितंबर को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर सीएमएचओ और रोजगार विभाग के उपनिदेशक को निर्देशित किया। साथ ही जिलें में विभिन्न विभागों के कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास व उद्घाटन के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर मेहता ने शहर में निराश्रित पशुओं को गौशालाओं तथा नंदीशालाओं में भेजने को लेकर नगर परिषद एक्सईएन सूर्यप्रकाश संचेती को निर्देश दिए। इसके साथ ही पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को इसके लिए गौशालाओं और नंदीशालाओं को पाबंद करने को लेकर निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बारिश से खराब हुई सड़को की मरम्मत के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी से जिले में बांधो की ओवरफ्लो की स्थिति की जानकारी ली।

**'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की दी जानकारी :-** बैठक में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र महाप्रबंधक के. के. मीना ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 9 से 11 दिसंबर के बीच राजस्थान राइजिंग कार्यक्रम का आयोजन राजधानी जयपुर में किया जाएगा। जिसमें राज्य में देश-विदेशों के निवेशकों से एमओयू किया जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में राइजिंग राजस्थान के जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत भीलवाड़ा जिलें में भी राइजिंग भीलवाड़ा 2024 का 9 नवंबर को किया जाना प्रस्तावित है। इसमें भी निवेशकों द्वारा एमओयू किया जायेगा। इन इकाइयों के प्राथमिकता आधार पर हैण्डहोल्डिंग कर नियमानुसार सरकार की योजनाओं में लाभान्वित कराया जाएगा। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उर्जा, पर्यटन, पर्यावरण, श्रम, कौशल, यूडीएच, राजस्व, कृषि, खान विभागों में आने वाले नए निवेशको के साथ संबंधित विभाग एमओयू करें तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

औद्योगिक संगठनों/उघमियो के साथ बैठक आयोजित किये जाने के निर्णय प्रदान किये। जिला कलक्टर ने मानसून सीजन को दृष्टिगत रखते हुए मलेरिया, डेंगू, स्वाईन फ्लू, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया जैसी वैक्टर जनित बीमारियों का ट्रांसमिशन सीजन होने से इन बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम हेतु जिले में व्यापक स्तर पर एन्टीलार्वल गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को मौसम को ध्यान में रखते हुए फॉगिंग करवाने, लोगों को मौसमी बीमारियों बचाव के लिए जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करवाने के निर्देश दिए।

## कमेटी का गठन

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राजमाता विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में फीस्ट के दौरान स्टूडेंट्स द्वारा शराब पार्टी करने का मामला सामने के बाद प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज ने मामले में पांच सदस्य जांच कमेटी का गठन किया है। वही कॉलेज की एक छात्रा के अत्यधिक मात्रा में दवा का सेवन करने के बाद बिगड़ी हालत के मामले में भी प्रिंसिपल ने स्पष्टीकरण जारी किया है।

मेडिकल कॉलेज में 7 सितंबर से 14 सितंबर तक पिनाका 5.0 फीस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस फीस्ट के विभिन्न कार्यक्रमो के साथ ही डांस प्रोग्राम के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है इस दौरान शराब पार्टी और अन्य नशीली वस्तुओ का सेवन करने की खबर सामने आने के बाद कॉलेज के हड़कंप मच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ वर्षा सिंह ने मामले में संज्ञान लेते हुए तत्काल पांच सदस्य कमेटी का गठन किया है नशीली दवा के सेवन की खबर सामने आने के मामले में भी प्रिंसिपल ने अपना स्पष्टीकरण जारी करते हुए बताया की छात्रा आशु चौधरी ने अपने निजी कारणों के चलते सिर दर्द की दावा का सेवन अत्यधिक मात्रा में कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ी थी। उसे एमजी हॉस्पिटल में भर्ती कर उपचार किया गया, जिसके बाद अब उसकी हालत के सुधार है और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# राज्य किसान आयोग अध्यक्ष का भाजपा ने किया स्वागत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सी आर चौधरी का आज अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवम महापौर राकेश पाठक की उपस्थिति में भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि आयोग अध्यक्ष चौधरी ने इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के सदस्यता अभियान को अंतिम छोर तक बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचाने और जिले से रिकॉर्ड सदस्य बनाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देशभर में दस करोड़ से ज्यादा एवं प्रदेश में सवा करोड़ से ज्यादा सदस्य

- **भाजपा के सदस्यता अभियान को मिल रहा सर्वव्यापी समर्थन, प्रदेश में अब तक बने 10 लाख से ज्यादा सदस्य : सी आर चौधरी**

बनाने का लक्ष्य रखा है। राजस्थान में अभी तक दस लाख से ज्यादा सदस्य बनाए जा चुके हैं। इस सर्वस्पर्शी अभियान को सर्वव्यापी समर्थन मिल रहा है। इसी के तहत अब 11 से 17 सितंबर तक महासम्पर्क अभियान चलाकर बड़े स्तर पर नए सदस्य बनाए जाएंगे, इसी की तैयारियों के तहत आज भीलवाड़ा जिला संगठन की बैठक भी आयोजित हुई है। उन्होंने राज्य सरकार के 9 महीनों के कार्यकाल की बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार अपने संकल्पों को पूर्ण करते हुए आगे बढ़ रही है। बजट घोषणाओं के क्रियान्वन का कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है। किसानों के हित की भी अनेक योजनाओं पर सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश सहित मेवाड़ क्षेत्र में अच्छी बारिश हो रही है, अंडरग्राउंड वाटर भी रिचार्ज हो रहा है, यह अच्छी बात है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, जिला मंत्री गोपाल तेली, प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकरलाल जाट, पूरण डीडवानिया, कुलदीप शर्मा, मीनाक्षी नाथ, इंदु बंसल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्रह्मा जी की प्रथम धर्म पत्नी सावित्री का मेला आज

**पुष्कर,** (निसं)। इस अंतरराष्ट्रीय मेले के लिए मंदिर प्रशासनकी ओर से तैयारी की गई। साथ ही स्थानीय प्रशासन की ओर से भी मेले में पुलिस की व्यवस्था की गई माता सावित्री कीपूजा करने के लिए हजारों कीतादाद में महिलाएं युवतियां पुष्कर पहुंची माता सावित्री कीपूजा अर्चना कर अपने परिवार और सुहाग की सलामती की मनोकामना मांगी। मंदिरके पुजारी कैलाश मिश्र ने बताया की मंदिर में व्यवस्थाओं के लिए एवं यात्रियों की आवक को देखतेहुए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन को एक पत्रभी दे दिया गया। जिसके चलते व्यवस्था की गई यह मेला भादवा माह की अष्टमी के दिन भरता है एवं सप्तमी के दिन जागरणका आयोजन किया जाता है। माता जी का विशेष श्रृंगार किया गया है। आज भी माता जी का विशेष श्रृंगार किया जाएग।

# दुष्कर्म कर हत्या का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार

**मकराना,** (निसं)। राजेन्द्र कुमार मीणा (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक जिला डीडवाना-कुचामन के निर्देशन में व वैभव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, परबतसर तथा भवानी सिंह, वृताधिकारी वृत मकराना के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना मकराना राजेश कुमार पु0नि0 के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बलात्कार व हत्या के प्रयास के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धारूराम को रामदेवरा जिला जैसलमेर से दस्तयाब कर बाद अनुसंधान के गिरफ्तार किया गया।

- **आरोपी धारूराम को रामदेवरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया**

घटना 1 सितंबर थाना ईलाका क्षेत्र की एक महिला ने एस.एम.एस. हॉस्पिटल, जयपुर में पर्चा बयान दिया कि 31अगसत कि रात्रि करीब 1.00 से 1.30 बजे प्रार्थिया को धारुराम पुत्र भवरलाल, जाति मेघवाल, निवासी भीचावा ने फोन किया और उसको अपने घर से बाहर बुलाया। अपनी मोटर साईकिल पर बैठाकर अपने खेत में लेकर गया जहां पर मेरे साथ धारूराम ने गलत काम (बलात्कार) किया तथा मेरे साथ गम्भीर मारपीट कर, मुझे जान से मारने का प्रयास किया। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर प्रकरण 317/2024 भादस कि धारा 115(2),140(3),109, 64(1) बीएनएस दर्ज कर तफतीस शुरू की गयी। पुलिस ने टीम का गठन कर बेहतर टीम वर्क, फील्ड इन्टलिजेंस से आरोपी को सरहद रामदेवरा जिला जैसलमेर से दस्तयाब कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया।

## शिक्षा जागरूकता पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित

**मसूदा,** (निसं)। प्रखर राजस्थान (रीड टू लीड) अभियान के तहत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अजमेर एवं दिशा समाजसेवी संस्था अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सीईओ अभिषेक खन्ना (आईएएस) एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार जोशी ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गांधी भवन तोपदड़ा मे जिला स्तरीय कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर बताया कि प्रखर राजस्थान कार्यक्रम सशक्त और शिक्षित राजस्थान के लिए प्रारंभिक शिक्षा स्तर के विद्यार्थियों में पढ़ने के प्रति रुचि और पठन कौशल में बच्चों की रुचि बढ़ाएगा। इस अवसर पर दिशा समाज सेवी स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि आनंद फेलिक्स द्वारा बताया गया की शैक्षणिक गुणवता हेतु मसूदा ब्लॉक में नॉलेज हट परियोजना के अन्तर्गत उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी आकर्षक मोबाईल वैन पुस्तकालय द्वारा समझायी गई जिसका शुभारंभ हरी झंडी दिखा कर जिला परिषद सीईओ अभिषेक खन्ना एवम मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार जोशी, सहायक परियोजना समन्वयक नवीन सागर सोनी एवम दीपक सावरिया द्वारा किया गया।

मंगलवार 10 सितंबर को प्रखर राजस्थान कार्यक्रम के तहत नॉलेज हट परियोजना के अंतर्गत मसूदा ब्लॉक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवकुमार दुबे एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आदित्य प्रकाश पांडे द्वारा विश्व साक्षरता दिवस उपलक्ष्य पर शिक्षा जागरूकता हेतु पोस्टर विमोचन किया गया। परियोजना ब्लॉक सुपरवाइजर द्वारा बताया गया कि चयनित 25 विद्यालयों में पुस्तक प्रदर्शनी लगाकर बच्चों एवम ग्रामीणों को पढ़ने के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा के साथ मनाया शिक्षक दिवस

**अजमेर,** (निसं)। लायन्स क्लब अजमेर में मंगलवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा के साथ शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्लब के शिक्षकों एवं बाहर से आमंत्रित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ अध्यक्ष भागू ईसरानी के स्वागत उद्बोदन से किया गया। ध्वज वन्दना लायनेड सन्तोष कौर द्वारा पढ़ी गयी। सचिव लायन सतीश भटनागर ने अपना सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉमधुर मोहन रंगा जी (पूर्व प्रधानाचार्य जी.सी.ए.) ने अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस के महत्व को बहुत ही सुंदर ढंग से उल्लेखित किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा की महत्वपूर्ण अधिकारिक यात्रा रही।



**लायन्स क्लब के शिक्षकों एवं बाहर से आमंत्रित शिक्षकों को सम्मानित किया गया।**

उन्होंने क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए डायबिटीज चाइल्ड कैंसर तथा क्वेस्ट कार्यक्रम पर कार्य करने हेतु बल दिया। शिक्षक दिवस पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी शिक्षकों के सम्मान का उद्बोधन किया और वही स्वयं की तुलना अभी भी एक शिष्य से ही की क्योंकि उन्होंने यही बताया कि व्यक्ति जीवन पर्यन्त कुछ ना कुछ सीखता ही रहता है। मीनू मनोविकास विद्यालय चाचियावास की अध्यापिका मंजुला कँवर ने बताया कि वे किस तरह दिव्यांग बच्चों का हौसला अफजाई करती हैं उन्हे कॉम्पिटेशन में लेकर जाती हैं और फिर बच्चे अवार्ड जीतकर भी आते हैं। उनके इस कार्य को सभी ने सराहा। कार्यक्रम में गवर्नमेंट कालेज के प्राचार्य मनोज बहरवाल, सुप्रभात कबिराज, सन्त कुमार सिंह, अर्चना मिश्रा उपस्थित रहें। कार्यक्रम संयोजिका लायन सुषमा शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सुंदर ढंग से किया।

सभी शिक्षकों को क्रमवार मंच पर आमंत्रित कर माला, शाल, उपहार देकर सम्मानित किया गया। लायन नीताभटनागर ने लायन सदस्यों के जन्मदिन एवं शादी की वर्षगांठ पर शुभकामनायें प्रेषित की। सभी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। लायन राम प्रकाश शर्मा ने सभी अतिथियों का एवं लायन सदस्यों का धन्यवाद किया।

## 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती-2024 एवं सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 के संबंध में शुद्धि-पत्र जारी कर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम दिनांक 15 सितंबर 2024 रात्रि 12 बजे तक कर दी गई है। विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेगी। संबंधित शुद्धि-पत्र संख्या 10/2024-25 तथा शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि 5 अगस्त 2024 को राजस्थान राज्य अभियांत्रिकी सेवाओं के अन्तर्गत सहायक अभियंता के कुल 1014 पद तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हेतु सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था। ऑनलाइन आवेदन अवधि 12 अगस्त से 10 सितंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक एवं सहायक अभियंता के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन अवधि 14 अगस्त से 12 सितंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई थी। तकनीकी कारणों से उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन की अवधि को बढ़ाया गया है। निर्धारित अवधि के बाद ऑनलाइन आवेदन का लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# देवनारायण मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, दर्शन के लिए दिनभर लगी लम्बी कतारें

## मेलार्थियों ने उठाया झूले-चकरी व चाट मसाला का लुत्फ

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवमाली में मंगलवार को भगवान देवनारायण के अश्व लिलाधर घोड़े का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।खीर चूरमे का भोग लगाया गया। मंगलवार को भगवान देवनारायण के देवमाली धाम पर मेला भरा मेले में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही।

भक्तों ने दर्शन कर प्रसाद चढ़कर सुख समृद्धि की कामना की मेलार्थियों ने झूले चकरी चाट पकौड़ी का लुत्फ उग्रया। इससे पूर्व देवनारायण मंदिर प्रांगण में सोमवार रात विशाल भजन संध्या का कियाआयोजन।विशाल भजन संध्या में राजू रावल, लक्ष्मण गुर्जर श्रवण राहेटी, प्रकाश डांगी व छोटा राजू रावल के द्वारा दी गई भजनों की शानदार प्रस्तुति प्रसिद्ध नृत्यांगना रोहिणी नायक शालू नागोरी व पूजा नाथ के द्वारा दी गई नृत्य प्रस्तुति।

**देवमाली मेले इनकी रही मौजूदगी:-** मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत व ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी एवं देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना ने देव देवनारायण भगवान के दरबार में हाजरी लगाई ।



**केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी एवं देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश ने देव देवनारायण भगवान के दरबार में हाजरी लगाई।**

मसूदा क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल भगवान देवनारायण के देव धाम देवमाली में आयोजित दो दिवसीय मेले के दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत एवं देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रकाश भडाना ने भगवान देवनारायण के दरबार में हाजिरी लगाई। देवधाम देवमाली पहुंचने पर भगवान देवनारायण कमेटी सदस्यों ने मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना का माल्यार्पण व साफा बंधाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि पीरु गुर्जर एवं मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

**भोग लगाकर मांगी मन्नत:-** श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के खीर चूरमा और नारियल का भोग लगाकर दर्शन कर मन्नत मांगी। मेले में आए महिला पुरुष एवं बच्चों ने झूले वचकरियों का आनंद लिया।

**देवमाली सरपंच व प्रतिनिधि द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका:-** ग्राम पंचायत देवमाली के सरपंच पूजा गुजर्र व प्रतिनिधि पीरू गुर्जर के द्वारा सभी पत्रकारों को भोजन प्रसादी के लिए आमंत्रित किया जाना अपने आप में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बात कही जा सकती है। सरपँच प्रतिनिधि द्वारा मेले के जागरण व मेला आयोजन की व्यवस्था एवं जिम्मेदारी के साथ जब पत्रकारों को भोजन प्रसादी के लिए आमन्त्रित किया तो फिर उन्हें समय भी देना पड़ेगा। यहाँ पर इस मामले का अत्यंत महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि देवनारायण के चरणों में बैठकर प्रसाद पाने वालों को भी अपने आप में भाग्यशाली लोगों में शामिल समझना चाहिए।

## उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ केकड़ी जिला यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन वहीं केकड़ी जिला बचाओ अभियान के अंतर्गत मंगलवार को संयोजक रामावतार सिखवाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता रणजीत सिंह केशावत के नेतृत्व मे उपखंड अधिकारी सरवाड गुरु प्रसाद तंवर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर केकड़ी जिला को यथावत बनाये रखने की मांग की ज्ञापन मे बताया कि केकड़ी जिला बनने से क्षेत्र के लोगो को प्रशासनिक लाभ भी मिलने लगा है योजनाओ से लोगो का जुड़ाव भी बढने लगा है।

जिला स्तर के अधिकांश कार्यालयो की केकड़ी मे शुरुआत हो चुकी है केकड़ी जिला सभी मापदंड पर खरा उतर रहा है अजमेर से केकड़ी की दूरी अधिक है भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर द्वारा केकड़ी जिला हटाने की बात पर लोगो मे जबरदस्त जनाक्रोश है केकड़ी जिले को यथावत रखकर सभी अटकलो पर लगाम लगाने की मांग की गई मांग नही मांगने पर सरकार को जन आंदोलन का सामना करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस मौके पर ज्ञापन देने मे सरवाड उपखंड के विभिन्न गांवो से एवं स्थानीय लोगो ने भाग लिया

## सार-समाचार

### धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ शहर में विराट गणपति महोत्सव एवं विसर्जन को लेकर आगामी 9 दिनो तक धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी वहीं हिन्दू उत्सव समिति के बेनर तले आयोजित होने वाले इस विराट महोत्सव एवं विसर्जन पर प्रतिदिन पथवारी माता स्थल पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इस मौके पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भागचन्द चापा व मंत्री अजय पारीक के अनुसार आज भजन संध्या में भजन गायक प्रकाश माली भजनों की प्रस्तुति देंगे व 12 सिंतबर को तेजा मेला चौक में श्रवण सेंदरी की ओर से कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी 15 सितंबर को गांधी चौक में विराट कवि सम्मेलन, 16 सितंबर को पथवारी परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 17 सितंबर को विशाल विसर्जन जुलूस व शोभायात्रा निकाली जाएगी। जुलूस गोपाल बावड़ी पहुंचने पर महाआरती की जाएगी। इसके बाद गणेश मूर्ति का विसर्जन होगा। वहीं महोत्सव में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड सरवाड़, बजरंग दल प्रखंड सरवाड, गणपति मित्र मण्डल श्याम मित्र मण्डल, बालाजी मित्र मण्डल, शीतला माता मंदिर समिति पथवारी माता मंदिर समिति, रामायण मण्डल, सरवाड श्रीराम अखाड़ा, सरवाड हनुमान अखाड़ा सरवाड, श्री मातेश्वरी मित्र मंड़ल, श्री भैरव मित्र मंड़ल, सर्व पुजारी संघ व विप्र सेना साहित अन्य सहयोग कर रहे हैं।

### पंचो ने परिवार का हुक्का-पानी बंद किया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले के अलवर गेट थाना इलाके में पंचों के द्वारा परिवार को समाज से बहिष्कृत करने और उनका हुक्का-पानी बंद करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजमेर के नेहरू नगर के रहने वाले पप्पूनाथ ने अलवर गेट पुलिस थाने में शिकायत देकर बताया कि 23 मई 2023 को साधुनाथ ने मेरी दुकान पर आकर मेरे साथ झगड़ा और मारपीट की। इस मामले को लेकर मैने पुलिस में शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की, बल्कि मुझे और मेरे दोस्तों को ही पुलिस से मिलीभगत करके 151 में बंद करवा दिया। इसके बाद 18 अगस्त 2024 को साधुनाथ ने सामाजिक पंचों के साथ मिलीभगत की। इसके बाद महावीरनाथ, गोरूनाथ, सांवरानाथ, कालूनाथ, भोपनाथ, ताराचंद और मोहननाथ ने मिलकर पप्पूनाथ और उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया और आर्थिक रूप से 22 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और समाज में हुक्का-पानी बंद करवा दिया। साथ ही परिवार पर दबाव डाला कि 22 हजार रुपए नहीं देने पर जुर्माना डबल देना होगा, जिसमें से 10 हजार रुपए तो पप्पूनाथ ने दे भी दिए। अब दबाव बना रहे हैं कि 22 हजार रुपए और पंचों का खर्च नहीं दोगे तो जो लोग तुमसे बात करते हैं उनका भी का पानी बंद कर देंगे। फिलहाल अलवर गेट पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### साक्षात्कार दिनांक जारी की

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत एप्लाइड आर्ट विषय के 5 पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 19 एवं 20 सितंबर 2024 को तथा लॉ विषय के 25 पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 24 से 27 सितंबर 2024 तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

### रिक्त सीटों पर आवेदन आमंत्रित

**भीलवाडा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1988 से छात्राओं एवं महिलाओं को रोजगारपरक व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से भीलवाडा मुख्यालय पर संचालित राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नवीन सत्र 2024-2025 हेतु शेष रही रिक्त सीटों पर ई-मित्र के माध्यम से प्रवेश आवेदन पत्र भरे जा रहे है संस्थान अधीक्षक श्रीमति आशा दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2024-2025 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु सैकण्डरी, आठवीं उत्तीर्ण इच्छुक छात्राएं एवं महिलाएं एनसीवीटी योजनान्तर्गत कोस्मेटोलाजी, कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग अस्सिटेन्ट, फैंशन डिजाईन एण्ड टेक्नोलोजी, मैकेनिक इलेक्ट्रोनिक्स, स्टेनोग्राफर एण्ड सेकेटियल असिस्टेन्ट (हिन्दी) व स्विइंग टेक्नोलोजी व्यवसायों में प्रवेश ले सकती है। प्रवेश आवेदन भरने की अंतिम तिथि 26 सितंबर तक भरकर संस्थान में 27 सितंबर को सांय 5.00 बजे तक वांछित दस्तावेजों सहित कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कराने होगें। संस्थान में 30 सितंबर को प्रातः 11 बजे से मेरिट के आधार पर सीधे प्रवेश किये जायेगे।

### रैली निकाली

**नागौर,** (निसं)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमावत के निर्देशानुसार जन जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई.जिला मुख्यालय पर विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर मंगलवार को उपलक्ष्य में जिला स्तरीय रैली निकाली गई। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के छात्र एवं छात्रा प्रशिक्षणर्थियों की और से निकाली गई इस रैली को मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राधेश्याम रोझ ने हरी झंडी दिखाई। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राधेश्याम रोझ ने बताया कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा की आमजन में जोखिम कारकों को पहचानने और आत्महत्या से संबंधित मिथकों व तथ्यों के प्रति जागरूकता अति आवश्यक है। इसके लिए सहयोगात्मक और सकारात्मक वातावरण बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन हालात में टेलीमानस हेल्पलाइन 14416 या 1800 89 14416 पर सहायता ली जा सकती है। यहां पर विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध करवाएंगे।

### मोक्ष रथ लायस क्लब को समर्पित

**बिजयनगर,** (निसं)। स्वर्गीय सत्यनारायण अरोड़ा व स्व अजय अरोड़ा की पुण्य स्मृति में अरोड़ा परिवार ने वात्सल्य स्कूल बिजयनगर के सौजन्य से मानव सेवार्थ मोक्ष रथ (शव यात्रा वाहन) लायंस क्लब बिजयनगर को समर्पित किया । इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अनिता इंद्रजीत मेवाड़ा, लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ अमित उपाध्याय, पालिक उपाध्यक्ष प्रीतम बड़ोला, पार्षद खेमराज गुर्जर , पार्षद मनोहर कोगटा, सुधीर गोयल विश्वनाथ पाराशर राधे गोपाल खंडेलवाल नवीन कुमार सोनी राजेश गट्टानी चिरंजीलाल नवाल अनिल आचार्य डॉक्टर ऐ के विश्वास बुद्धि प्रकाश पारीक इंदर साधनानी बाड़ी माता मन्दिर के पूजारी लाभचंद प्रजापत अरोड़ा परिवार के कृष्णा अरोड़ा, योगिता, स्वाति विजय अरोड़ा सहित लायंस क्लब बिजयनगर के सदस्य पदाधिकारी एव नागरिक मौजूद रहे।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**मसूदा,** (निसं)। कृषि कार्य करते समय सर्प के काट लेने से युवक की मौत हो गई। ग्राम भवानी खेड़ा (धोलादाता) निवासी हनुमान ने बताया कि सोमवार को रात्रि 10 बजे के करीब मेरा छोटा भाई जो काका का लड़का सुलेमान पुत्र अमीन काठात भवानी खेड़ा मसूदा में हमारे खेतों की रखवाली करके खेतों से वापस घर लौट रहा था। तभी अचानक जहरीले सर्प के काटने से उसकी तबीयत बिगड़ने से उसे मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण ब्यावर अमृत को चिकित्सालय के लिए रेफर किया और ब्यावर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता

**ब्यावर,** (निसं)। आयु वर्ग अंडर 14 छात्र छात्रा प्रतियोगिता सेंट पॉल सीनियर स्कूल में हुई। टीम निर्णायक शबाना मंसूरी के अनुसार इस प्रतियोगिता में 17 विद्यालयों के छात्र वर्ग में 17 टीम जिसमें 72 बालक तथा छात्रा वर्ग में 7 टीम जिसमें 31 बालिका कुल 103 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फादर जी फ्रांसिस के सानिध्य में अंडर 14 के ऑब्जर्वर गुरु शरण गोयल उपप्रधानाचार्य , प्राथमिक विद्यालय क्रीड़ा संयोजक प्रमोद रॉय शर्मा तथा स्थानीय वरिष्ठ शा.शिक्षक सुमित सर ने सभी व्यवस्थाओं को देखा।

### मंत्री रावत का किया भव्य स्वागत

**मेडता सिटी,** (निसं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत का मेड़तारोड रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागत किया गया। विधायक लक्ष्मण राम कलरु के नेतृत्व में भाजपाइयों ने किया स्वागत मंत्री रावत का अभिनंदन।जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत खीवसर विधानसभा के दौरे पर थे।

